हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–298 : जौनपुर, बुधवार 09 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ईवीएम पकड़े जानें पर वाराणसी में घंटों तक चला बवाल :प्रशासन परेशान

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के पहाड़िया मंडी स्थित मतगणना स्थल पर मंगलवार शाम ईवीएम बदलने को लेकर शुरू हुआ विवाद लगभग नौ घंटे तक चलता रहा। देर रात तक सभी की सहमति पर वाहन जो ईवीएम मिले थे उनकी जांच कराने पर सहमति बनी। तब जाकर बुधवार तड़के करीब नौ बजे मामले का पटाक्षेप हुआ और जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली। इससे पहले करीब नौ घंटे तक जिला मुख्यालय से लेकर मतगणना स्थल तक आपाधापी मची रही। सपा कार्यकर्ताओं के हंगामे, नारेबाजी और प्रदर्शन के कारण प्रशासन सकते में रहा। रात डेढ़ बजे के करीब पीलीकोठी–गोलगड्डा इलाके में भी विरोध–प्रदर्शन हुआ तो पुलिस ने बल प्रयोग कर लोगों को तितर–बितर किया। इस दौरान पुलिस पर पत्थरबाजी की गई। लाठीचार्ज और पत्थरबाजी का एक वीडियो भी सामने आया है। मंगलवार रात पहड़िया मंडी में ईवीएम प्रकरण को लेकर हुए जगह–जगह बवाल और तोड़फोड़ को देखते हुए वाराणसी कमिश्नरेट के सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया है। बुधवार सुबह से पहड़िया मंडी में शांति है। पुलिस तैनात है। ईवीएम प्रकरण को लेकर राजनीतिक दलों के नेताओं और प्रत्याशियों ने रात में प्रेक्षक को चार बिंदुओं पर पत्रक सौंपा। अपने मांग पत्र के माध्यम से मांग किया कि जिन गाड़ियों पर ईवीएम बाहर जा रहा था, उसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। मतगणना में प्रयोग हुए ईवीएम के बैलेट और कंट्रोल यूनिट की सूची प्रत्याशियों को अब तक नहीं मिली, उसे प्राप्त कराई जाए। निष्पक्ष मतगणना प्रक्रिया के लिए डीएम और कमिश्नर को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। पत्रक देने वाले प्रत्याशियों में कांग्रेस से डॉ. राजेश मिश्रा, सपा से सुरेंद्र पटेल, सपा से पूजा यादव, सुभासपा से अरविंद राजभर आदि थे। पहड़िया मंडी स्थित मतगणना केंद्र के बाहर जारी हंगामे के बीच कई चरणों में चुनाव



प्रेक्षक की उपस्थिति में चली बैठक में अंततः तय किया गया कि ईवीएम की जांच होगी। अधिकारियों ने भरोसा दिया कि इसके बाद भी गड़बड़ी मिली तो चुनाव निरस्त किया जाएगा। प्रेक्षक और प्रत्याशियों की मौजूदगी में रात करीब दो बजे वाहन से मिले ईवीएम मशीनों की जांच की गई। जांच में पता चला कि जिन ईवीएम और वीवीपैट को लेकर सपा समेत विपक्ष के अन्य कार्यकर्ता हंगामा कर रहे थे, वह ट्रेनिंग से संबंधित निकलीं। बटन पर चुनाव निशान की जगह अल्फा, बीटा, गामा समेत प्रतीक मिले। अतः इसे डेमो ईवीएम माना गया। बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट खोल कर दिखाया गया। वीवीपैट भी प्रत्याशियों के सामने प्रदर्शित किया गया। उसमें किसी प्रकार की पर्ची या पेपर रोल नहीं मिला।इस बीच देर रात अनियंत्रित हुए सपा कार्यकर्ता गोलगड्डा इलाके में सड़क से हट ही नहीं रहे थे। मौके पर खुद पुलिस आयुक्त पहुंचे मगर लोगों का धरना जारी रहा। पुलिस ने बल प्रयोग कर लाठियों के सहारे उन्हें खदेड़ा। फिलहाल अब मतगणना स्थल से लेकर शहरभर में शांति है, मतगणना स्थल के साथ शहर के प्रमुख चौराहों पर फोर्स तैनात की गई है।

## 300 अज्ञात पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस : वीडियो से हो रही उपद्रवियों की पहचान

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के पहड़िया मंडी स्थित मतगणना स्थल पर मंगलवार रात ईवीएम बदलने का आरोप लगाकर एडीजी जोन की गाड़ी पर पथराव करने, बवाल और उपद्रव मामले में 300 अज्ञात लोगों पर लालपुर–पांडेयपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। रात में हंगामे के वक्त एडीजी जोन रामकुमार की गाड़ी पर पथराव हुआ था। उनका चालक लालता प्रसाद घायल हुआ था। चालक की ही तहरीर पर लालपुर–पांडेयपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास, लूट, बलवा, सरकारी काम में बाधा समेत 16 संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वीडियो और फोटो के जरिये अज्ञात उपद्रवियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं खजूरी के रहने वाले अभिजीत सिंह ने भी तोड़फोड़ मामले में अज्ञात सपा कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज कराया। लालपुर–पांडेयपुर थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि सपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रशिक्षण के लिए जा रही रही ईवीएम को वाहन सहित रोकने, मार्ग को जाम करने, एडीजी जोन रामकुमार की गाड़ी पर पथराव में चोटिल एडीजी जोन के चालक लालता प्रसाद की तहरीर पर हत्या के प्रयास, बलवा और लूट अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर थाना अंतर्गत खजूरी निवासी अभिजीत सिंह की तहरीर पर भी सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना में शामिल सभी की शिनाख्त कराई जा रही है, इसके लिए दो टीमें गठित करते हुए जांच की जा रही है। पहड़िया मंडी गेट पर उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर, मामले की जांच से भी उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। मंगलवार रात पहड़िया मंडी स्थित स्ट्रांग रूम के बाहर पांच हजार से अधिक सपा कार्यकर्ताओं ने ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाकर बवाल किया था। जबकि मालवाहक वाहन से ईवीएम यूपी कॉलेज में कर्मचारियों के मतगणना प्रशिक्षण के लिए जा रहा था।

## जिला कारागार, जौनपुर का भौतिक निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम0 पी0 सिंह के निर्देशों एवं अनुमति से तथा कोविड–19 के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में 09 मार्च 2022 को जिला कारागार, जौनपुर का भौतिक निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक, किशोर बैरक तथा जेल अस्पताल का भ्रमण किया गया। जेलर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1105 बन्दी है, जिनमें पुरूष 1013 महिला 52 तथा 40 अल्पवयस्क हैं। कुल बन्दियों में 149 सिद्धदोष तथा 926 विचाराधीन बन्दी हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 09 बच्चे हैं। महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। जेल अस्पताल में कुल 08 बन्दी तथा वाह्य अस्पताल में बन्दी नहीं है। जेल अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। सचिव पूर्णकालिक ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा प्रदान करायी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी एवं बन्दियों को कोविड–19 प्रोटोकाल के नियमों के पालन हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि किसी भी बन्दी को मुकदमों में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर उनके प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस0के0 पान्डेय, जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया, डिप्टी जेलर राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार भदौरिया व डिप्टी जेलर श्रीमती माया सिंह, फार्मासिस्ट सतीश कुमार व आशीष मौर्य व अन्य उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी के संगठन द्वारा सपा कार्यालय पर की प्रेसवार्ता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के संगठन द्वारा जौनपुर के मतगणना प्रभारी सपा प्रदेश महासचिव श्याम लाल पाल ने सपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता के दौरान कहा जिस तरह भाजपा सरकार मे लोकतंत्र खत्म करने की साजिश कर रहीं है और प्रदेश के विभिन्न जिलों मे जिस तरह ईवीएम मशीन पकड़ी जा रही है और जीस तरह शासन से जिलाधिकारी को फोन किया जा रहा है उससे कहीं ना कहीं यह महसूस हो रहा है भाजपा सरकार हार के डर से कोई भी असंवैधानिक कदम उठाने जा रही है इसलिए हमारा जौनपुर के चुनाव अधिकारी जिलाधिकारी से माग है यहां की मतगणना सबसे पहले पोस्टर बैलेट का कराए और उसके बाद ईवीएम मशीन का कराया जाए क्योंकि हमको आशंका है भाजपा सरकार काउंटिंग को देर रात तक कराने की साजिश रच रहे हैं जिस तरह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा भाजपा का बहुमत दिखाया जा रहा है जिससे भाजपा सरकार को साजिश कराने में मदद मिलेगा जनता को गुमराह किया जा रहा है ऐसे मे सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नेता समर्थक बड़ी मुस्तैदी से ईवीएम मशीन को रखवाली करने का काम करें और मतगणना




के दिन बड़ी संख्या में शांति ढंग से एक जगह उपस्थित रहकर अपना समर्थन देने का काम करें प्रेसवार्ता मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव, महासचिव हिसामुद्दीन शाह प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी,शकील अहमद, राजन यादव,कलीम खाँ अनवारुल हक,बाबा यादव पूनम मौर्या आशा राम यादव लाल मोहम्मद रानी शेखू खाँन अमजद अली आदि लोग उपस्थित रहे।

## " हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइडस एसोसिएशन की बैठक "

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर के तत्वाधान में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइडस एसोसिएशन भारत द्वारा जौनपुर स्काउट एंड गाइड एसोसिएशन की जिला यूनिट का गठन करने हेतु श्री संजय उपाध्याय को मुख्य समन्वयक के पद पर नामित किया गया। जिससे जिला की यूनिट का विस्तार कर सकें ।इस अवसर पर हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइडस के राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त श्री अनिल प्रथम आईपीएस डीजीपी गुजरात ने मुख्य अतिथि के रूप में कहां कि 1998 में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स एसोसिएशन का गठन किया गया। जो भारत सरकार से रिकॉग्नाइज है। भारत में सर्वप्रथम सर्वप्रथम आर्मी की मदद के लिए यह संगठन बनाया गया था। जिसे पंडित मदन मोहन मालवीय ने भारतीय बच्चों को भी स्काउट्स एंड गाइड्स ट्रेंड किया जाए इसके लिए बढ़कर नेतृत्व किया ।जिसका उद्देश्य स्कूल कॉलेज में बच्चों को युवाओं को स्काउटिंग की ट्रेनिंग देना ताकि बच्चों में मानसिक शारीरिक अत्याधुनिक विकास हो । आज जौनपुर में इस यूनिट की शुरुआत की जा रही है ।इसका उद्देश्य स्कूल कॉलेज के बच्चों युवाओं स्काउट गाइड के साथ ही लोगों में शांति सद्भाव को बढ़ावा देना लोगों का आपदा एवं संकट की परिस्थितियों में मदद करना तथा कैसे भारतीय बने रहे की प्रेरणा देता है। राष्ट्रीय सहारा के पत्रकार कमर हसनैन दीपू ने कहा कि हिंदुस्तान




स्काउट्स एंड गाइड्स राष्ट्रीय परिदृश्य में बहुत ही सराहनीय कार्य किए हैं और आज वक्त की जरूरत है इसके गाइडेंस की। हिंदुस्तान स्काउट गाइड आयुक्त उत्तर प्रदेश श्री एसपी त्रिपाठी की उपस्थिति में यह जिम्मेदारी श्री संजय उपाध्याय जी को दी गई। कार्यक्रम का संचालन सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने किया। उक्त अवसर पर गिरीश श्रीवास्तव गिरीश अनिल कुमार सिंह कैलाश प्रजापति दिनेश मौर्य लक्ष्मी नारायण यादव मनोज कुमार श्रीवास्तव इत्यादि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की । संस्था सचिव संजय उपाध्याय ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

## 10 मार्च को होने वाली मतगणना के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : 10 मार्च को होने वाली मतगणना के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि मतगणना को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के लिए मतगणना की प्रक्रिया के सम्बंध में और चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतगणना की कार्रवाई संपन्न कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी के सहयोग से शांतिपूर्वक तरीके से मतदान का कार्य संपन्न हुआ है। इसी प्रकार मतगणना का भी कार्य शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करें। सुबह 8.00 बजे से मतगणना शुरू होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त रिटर्निंग आफिसर को निर्देश दिया कि नियत समय से स्ट्रांग रुम खोलते समय आप सभी स्वयं अथवा अपने निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की उपस्थिति सुनिश्चित करायेंगे। मतगणना हेतु प्रत्येक टेबुल के लिए मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति पहचान पत्र संबंधित रिटर्निंग आफिसर के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। सर्वप्रथम पोस्टल, ईटीपीबीएस की गणना प्रारम्भ की जायेगी। उन्होंने कहा कि समस्त प्रत्याशियों से अपने एजेंटों के साथ समय पर मतगणना स्थल पर पहुंचने के लिए कहा गया है, जिससे मौके पर किसी तरह की अव्यवस्था नहीं हो सके। साफ छवि के व्यक्ति को ही एजेंट बनाये जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मतगणना हाल में




मोबाइल, कलकुलेटर एवं डिजिटल कोई भी सामग्री एवं गुटखा, पान, सिगरेट इत्यादि ले जाना पूर्णतयाः वर्जित है। मतगणना हाल में केवल पेन, पेन्सिल, नोटबुक, सादा कागज ले जा सकते है। मोबाइल डिवाइस के साथ किसी एजेंट को प्रवेश करने की अनुमति नही दी जाएगी। प्रत्येक टेबुल राउण्ड की गणना के बाद उम्मीदवारों के अभिकर्ताओं द्वारा फार्म 17 सी के पृष्ठ भाग पर हस्ताक्षर किया जाना अनिवार्य होगा। अन्त में प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 05–05 बूथों की मतगणना लाटरी सिस्टम के आधार पर वीवीपैट की पर्ची के माध्यम से किया जायेगा। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर काम कर रही हैं : डॉ अंजू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जगह–जगह विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। लायंस क्लब द्वारा जनपद की तमाम समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित किया गया वही पूर्वांचल विश्वविद्यालय में भी आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में काम



कर रही लगभग 60 से अधिक महिलाओं को कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। तो वही नगर के एक हॉस्पिटल में चिकित्सक डॉ अंजू कनौजिया द्वारा हॉस्पिटल में भर्ती तमाम मरीजों को फल वितरण किया गया। डॉ अंजू कनौजिया द्वारा आज महिलाओं का फ्री में चेकअप भी किया गया और उनको दवाएं भी वितरित की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं उनको और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है जहां कहीं महिलाएं पीछे हैं उन्हें आसपास के लोगों को मिलकर महिलाओं को आगे ले जाने की आवश्यकता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर काम कर रही हैं सरकार का भी दायित्व बनता है कि महिलाओं को आगे ले जाने में पूरा सहयोग दें। चिकित्सा के क्षेत्र में पढ़ाई लिखाई की चित्र में या अन्य किसी क्षेत्र में यदि महिलाएं पीछे हैं तो उन्हें आगे ले जाने की जरूरत है।

## व्यक्तित्व के विकास का मंच है एनएसएस : कुलसचिव



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर राष्ट्रीय सेवा योजना परिषद इकाई विशेष शिविर का उद्घाटन कुलसचिव महेन्द्र कुमार ने मां सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित करके किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन धर्म जागरण के जिला संयोजक नीरज श्रीवास्तव ने श्रीहरबाला देवी की प्रतिमा बच्चा बच्चा राम है गीत के उद्देश्य को समझाते हुए स्वयं सेवको राष्ट्रहित के प्रति जागरूक किया। कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्र के धरोहर है। अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक एवं सेविकाओं के व्यक्तित्व के विकास का बहुत बड़ा मंच है राष्ट्रीय सेवा योजना। इसमें हर छात्र एवं छात्रा निडर होकर अपनी बात को इस मंच से किसी के सामने रख सकते है । छात्र को हर क्षेत्र जैसे मीडिया,रिपोर्टिंग ,मेडिकल ,खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम ,भोजन बनाना ,भाषण देना बुजुर्गों को सम्मान देना , स्वतंत्रता सेनानी एंव अच्छे समाज सेवक के जीवन के विचार को सीखना आदि कार्य छात्र जब निडर होकर के लिखना पढ़ना और प्रश्न पूछना की हिम्मत जुटा लेता है तो उसका जीवन सफल हो जाता है।विशिष्ट अतिथि प्रबंध संकाय के प्रोफेसर आचार्य विक्रम देव शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी विचारों पर चलकर ही आज की युवा पीढ़ी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकती है ।राष्ट्रीय सेवायोजना के स्वयंसेवक रहे उद्देश्य सिंह ने अपने अनुभवों को छात्रों के बीच साझा किया। कार्यक्रम में सेवा योजना के स्वयसेवको द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं सेविकाओं द्वारा संकल्प गीत की प्रस्तुति की गई । कार्यक्रम की रूप रेखा डॉ अमरेंद्र सिंह ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनय वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता बीसीए विभाग डॉक्टर रेखा पाल ने किया। कार्यक्रम अधिकारी के रूप में शशिकांत यादव और जया शुक्ला उपस्थित रहीं। अंत में उत्कृष्ट कार्य स्वयंसेवक आयुष मौर्य और विवेक पांडेय को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और अर्पित श्रीवास्तव,आलोक मौर्य, वर्षा पांडेय,मंगली तिवारी की उपस्थिति रही।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

**–सुविचार–**

घर बड़ा हो या छोटा, अगर मिठास न हो तो इंसान तो क्या, वहां चींटियां भी नहीं आती हैं।

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# सम्पादकीय

## विश्व शांति की दरकार : नस्ली राष्ट्रवाद विनाश की ओर ले जाएगा

1914 में प्रथम विश्व युद्ध शुरू होने के समय ब्रिटेन ने क्या कल्पना भी की होगी कि महज तीन दशक में वह थका–मांदा मुल्क होगा और जिस बर्तानिया की हुकूमत में कभी सूर्यास्त नहीं होता था, उसका अवसान हो जाएगा। मार्च, 2021 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन की संसद में दूरगामी महत्व के भाषण में कहा था, 'मातृभूमि के संपूर्ण पुनः एकीकरण का ऐतिहासिक कार्य अवश्य किया जाना चाहिए और हर हालत में होगा।'

यूक्रेन पर रूस के दुर्दांत आक्रमण में निहित भयावह खतरों को सही परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए लगभग सौ साल पीछे चलना होगा। 1918 में जर्मनी की पराजय के साथ पहले विश्वयुद्ध के खात्मे ने यूरोप का सीन बदल डाला। विजेता पक्ष का निष्कर्ष था कि जर्मन सैन्यवादी–विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं पर कारगर रोक न लगाई गई, तो विश्व शांति फिर भंग होगी। 'अंशलोस' अर्थात जर्मन भाषी ऑस्ट्रिया के जर्मनी में विलय की संशोधनवादी जर्मन राष्ट्रवाद की अभिलाषा अब भी खतरनाक मानी जा रही थी।

इसलिए 1919 की वर्साई संधि ने जर्मनी पर कई कठोर शर्तें लगाने के साथ ही 'अंशलोस' को प्रतिबंधित कर दिया। ठीक उन्नीस साल बाद हिटलर के नेतृत्व में जर्मनी ने ऑस्ट्रिया पर फौजी कब्जा कर लिया। उसी साल हिटलर ने प्रचार शुरू कर दिया कि चेकोस्लोवाकिया के पूर्वी हिस्से, सुडेटनलैंड में जर्मन भाषियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। नाजी सेना सुडेटनलैंड में घुस गई। जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस और इटली के बीच हुई म्यूनिख संधि ने जर्मन सैन्यवाद की आग में घी का काम किया।

कुछ महीने बाद हिटलर चेकोस्लोवाकिया को गटक गया। दूसरे विश्व युद्ध के रास्ते पर अनपलट यात्रा निश्चित हो गई। हिटलर के पैटर्न की पुनरावृत्ति देखिए। रूस ने आरोप लगाया कि जार्जिया में रूसी भाषियों का दमन किया जा रहा है। 2008 में 'रूसी अल्पसंख्यकों को बचाने' के लिए रूस ने जार्जिया के उत्तरी सूबों, अब्खाजिया और दक्षिणी ओसेशिया पर अधिकार कर लिया। 2014 में यूक्रेन के स्वायत्त जनतंत्र, क्रीमिया पर रूसी सेना का आधिपत्य हो गया। यहां भी बहाना वही–रूसी भाषी जनता के हितों को रौंदा जा रहा है।

पिछले महीने यूक्रेन पर हमला करते समय, तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अंतरराष्ट्रीय संधियों, कानूनों, परंपराओं और मर्यादाओं का नृशंस हनन कर डाला। उन्होंने स्वतंत्र, संप्रभु यूक्रेनी राष्ट्र के वजूद को नकारते हुए यह मंशा जता दी कि वह वृहत स्लाव रूसी राष्ट्र के अधीन ही रह पाएगा। यह गति उस यूक्रेन की होने जा रही है, जो सोवियत संघ का हिस्सा होते हुए भी 1945 से 1991 तक संयुक्त राष्ट्र का सदस्य था और 1991 में सोवियत विघटन के बाद से अब तक इस विश्व संगठन का सदस्य है।

जिंदगी का बड़ा हिस्सा खुफिया एजेंसी, केजीबी में गुजारने के कारण पुतिन को इतिहास पढ़ने और उससे सीख लेने का मौका शायद नहीं मिला। अक्तूबर सोवियत क्रांति के नायक लेनिन को कोसते हुए वह कहते हैं कि यूक्रेन का कबाड़ा उनकी वजह से हुआ। उनकी समझ में यही नहीं आ रहा कि लेनिन समाजवादी क्रांति के नायक थे, विस्तारवादी स्लाव राष्ट्र के उन्नायक नहीं। लेनिन और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी सर्वानुमति पर आधारित समाजवादी राज्य चलाना चाहती थी।

इसी विचार से प्रेरित सोवियत संविधान ने 15 घटक जनतंत्रों को अलग हो जाने का अधिकार दिया था। ऐतिहासिक त्रासदी है कि खुद मुख्तारी का सपना कागजों पर ही रह गया। 15 जनतंत्रों को मिलने वाली आजादी हंगरी और चेकोस्लोवाकिया तक को नहीं नसीब हो पाई। अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश उसके लिए अच्छे–खासे दोषी हैं।

भारत के राष्ट्रीय हितों की दृष्टि से देखें, तो पुतिन ने दो विध्वंसकारी नजीरें पेश की हैं। एक, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं का पुनर्निर्धारण। दो, संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र का उल्लंघन करते हुए, नस्ली आधार पर अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त देशों में सैनिक हस्तक्षेप। अंतरराष्ट्रीय राजनीति और भू–राजनीति में असंभव कुछ नहीं होता, इसलिए एक सिनेरियो की कल्पना करते हैं।

चीन का तर्क है

तिब्बत उसका है और तवांग तिब्बत का हिस्सा था। अरुणाचल प्रदेश की जनता और तिब्बत की जनता बौद्ध धर्म की एक ही शाखा की अनुयायी हैं। इस आधार पर वह विराट सैन्य शक्ति के साथ अरुणाचल को हथियाने के लिए हमला कर देता है। या, पाकिस्तान, नेपाल और म्यांमार के साथ चीन की सैनिक संधि हो जाती है। चीन के उकसावे पर पाकिस्तान मुस्लिम बहुल कश्मीर घाटी को कब्जाने की एक और कोशिश करता है।

नेपाल निश्चित सीमाओं की उपेक्षा करते हुए मांग करता है कि सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग और अन्य इलाके भारत लौटा दे। या म्यांमार ईस्ट इंडिया कंपनी और बर्मा के बीच 1826 की यांदाबू संधि पर पुनर्विचार और सीमाओं के पुनर्निर्धारण की मांग करने लगता है। हान नस्लवादी–विस्तारवादी–प्रभुत्ववादी चीन नाकाबिल एतबार है। यह बात दीगर है कि भारत अपनी भौगोलिक अखंडता के लिए किसी भी हद तक चला जाएगा।

चिंता का विषय यह भी है कि अमेरिका के यूरोप में फंस जाने से चीन के लिए अप्रत्याशित अनुकूल और भारत के लिए कुछ प्रतिकूल स्थिति पैदा हो गई है। अमेरिकी विशेषज्ञ चीन के इस आकलन से मोटे तौर पर सहमत हैं कि 2030 तक चीन का सकल राष्ट्रीय उत्पाद अमेरिका से आगे निकल जाएगा। चीन का प्रारंभिक लक्ष्य 2049 में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की शताब्दी तक विश्व की सर्वाधिक शक्तिशाली ताकत बन जाने का था। अमेरिका उससे पहले पीछे छूट चुका होगा? इस प्रश्न का उत्तर भविष्य के गर्भ में है।

यहां एक सवाल वाजिब है

1914 में प्रथम विश्व युद्ध शुरू होने के समय ब्रिटेन ने क्या कल्पना भी की होगी कि महज तीन दशक में वह थका–मांदा मुल्क होगा और जिस बर्तानिया की हुकूमत में कभी सूर्यास्त नहीं होता था, उसका अवसान हो जाएगा। मार्च, 2021 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन की संसद में दूरगामी महत्व के भाषण में कहा था, 'मातृभूमि के संपूर्ण पुनः एकीकरण का ऐतिहासिक कार्य अवश्य किया जाना चाहिए और हर हालत में होगा।' भ्रम नहीं होना चाहिए कि 'पुनः एकीकरण' सिर्फ ताइवान तक सीमित रहेगा।

आठ महीने बाद चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की बीसवीं कांग्रेस में नए लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे। शीत युद्ध के दौरान माओत्से तुंग ने कहा था, 'जब दो बाघ लड़ रहे होते हैं, बुद्धिमान बंदर पहाड़ पर बैठकर देखता है।' यूक्रेन संकट चीन के लिए वही एक अवसर है। दो बाघों और एक बुद्धिमान बंदर के बरक्स भारत कहां है, और कहां होना चाहिए, दलगत राजनीति से परे इस पर गंभीर विचार करने की आवश्यकता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## फ्लोरेसेन्स आर्ट गैलरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पाँच राज्यों से 12 महिला कलाकारों के 19 कलाकृतियों की विशेष प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ''प्रिंटमेकर बारह'' नाम से छापाकला चित्रों की एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी, रोहतास प्लीमेरिया, विभूतिखंड, गोमतीनगर ,लखनऊ में किया गया जिसमे प्रदेश के 5 राज्यों से 12 महिला छापा कलाकारों के 19 कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन पुष्पा बेल्लानी (कंपनी सेक्रेटरी / मुख्य जनसंपर्क अधिकारी उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड ) एवं पूर्णिमा वर्मन ( प्रख्यात कवियत्री, हिंदी लेखिका ) के कर कमलों द्वारा किया गया । इस अवसर पर गैलरी की डायरेक्टर नेहा सिंह ने मुख्य अतिथि और सभी कलाकारों और सभी आए हुए कलाप्रेमियों का स्वागत और धन्यवाद किया । इस मौके पर उन्होने महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए कला के इस माध्यम छापाकला जैसे कठिन विधा मे कार्य करने वाली महिला कलाकारों के जज्बे की सराहना की और सभी को महिला दिवस पर शुभकामनाए दी । गैलरी के क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया की इस विशेष प्रदर्शनी में देश के पाँच प्रदेश उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर , नई दिल्ली और वेस्ट बंगाल के महिला कलाकार है, प्रदर्शनी की खास बात ये है की इसमें सभी कलाकृतियाँ छापा कला के सभी माध्यमों एचिंग , लिथोग्राफी , वूडकट , लिनोकट , इम्बोस , ड्राई पॉइंट ,सेरीग्राफी को शामिल किया गया है। इस प्रदर्शनी में सभी महिला कलाकारों ने अपने अपने व्याकरण को बहुत ही सुन्दर ढंग से रचा है, हमारे यहाँ स्त्रियों पर कार्य करने वाले चित्रकारों की कोई कमी नही है स आदि काल से स्त्री को कभी मातृ देवी तो कभी प्रेमिका जैसी अनेको रूपों में बनाया जा रहा है स ,हड़प्पा ,कोणार्क ,खजुराहो ,एलोरा आदि को देखें तो चित्रों में स्त्रियों के विभिन्न रूप याद आने लगते है स महिलाओ ने हमेशा से न जाने कितने मुद्दों का सामना किया है । महिलाओं ने कला जगत में अपने लिए एक नई दुनिया बनाई है । कला के क्षेत्र में महिलाओं ने यह साबित किया है कि वे सिर्फ एक विषय मात्र नही ,बल्कि उससे कही ज्यादा है ।,कलाकार को व्यक्त करने का वरदान प्राप्त है । कलाकारों को महसूस करने का तरीका बिलकुल अलग होता है ।नजरिया अलग होता है ,उनके विचार ही उनके माध्यम बन जाते है, जो प्रदर्शनी में समस्त महिला कलाकारों के विचार साक्षात देखने को मिल रहे है । , समाज, साहित्य, धर्म, दर्शन और आध्यात्म में नारी का वर्णन भिन्न– भिन्न स्वरूपो में मिलता है। यदि इन स्वरूपो को इतिहास का हिस्सा मान ले तो आज के आधुनिक काल में भी नारी रंक से राजा तक के लिबास में दिखाई देती है। ऐसी ही कुछ महिलाओ की स्रजनशीलता ,उनके संघर्ष के कुछ अंश इस प्रदर्शिनी में देखने को मिल रही है। ऐसे तो अनेकों कला इतिहास में कला योगदान मे नाम आता है स और आज भी महिला कलाकार किसी भी रूप में पीछे नहीं हैं। लेकिन भारत मे महिला कलाकारों में अमृता शेरगिल का नाम




बहुत महत्वपूर्ण है। इस प्रदर्शनी में छापा चित्रकार उत्तर प्रदेश से आकांक्षा त्रिपाठी, गीप्ति कटियार ,किरण सिंह राठौर , कविता महरोत्रा , मधु तिवारी , मानु वर्मा ,रंजना पाल , प्राची वर्मा , नई दिल्ली से पिंकी गोयल , वेस्ट बंगाल से पियाली पॉल , जम्मू कश्मीर से रंजू कुमारी , उत्तराखंड से शलिनी ने भाग लिया। पियाली पॉल की कृति थॉट ऑफ अर्बनाइजेशन में एक महिला के अंदर एक पूरा समाज को दर्शाया है। कविता मेहरोत्रा के अपने अमूर्तन विधा में अपने विचारों को प्रस्तुत किया। वरिष्ठ छापा चित्रकार किरण सिंह राठौर ने शीर्षक ग्रोथ में प्रतीकात्मक रूप दिया है और इस रूप में एक दिनों दिन होने वाले बढ़ोत्तरी को दिखाया है। उत्तराखंड से शालिनी ने अपने वुडकट शीर्षक मदरहुड और विंडोज स्टोरी में महिलाओं के आंतरिक भाव और रोजमर्रा की जिंदगी को दर्शाया है। जम्मू कश्मीर से रंजू कुमारी ने चित्र वुडकट माध्यम और शीर्षक ब्रेन बॉक्स में एक महिला के दिमाग मे तमाम बिंदुओं को एक भावात्मक रूप प्रदान किया है। मधु तिवारी ने अपने लिनोकट माध्यम में बनी दो कृतियों में शीर्षक कम्पोजीशन "व्यथा" और पालतू एक संवेदना को दर्शाया है । गिप्ति कटियार ने इम्बोस माध्यम की कृति में शीर्षक वॉइसिंग में संगीत को महसूस किया जा सकता है। नई दिल्ली से पिंकी गोयल की सेरिग्राफी माध्यम में बनी कृति में शीर्षक कलरफुल दिल्ली को अलग अलग चटख रंगों में दिखाने का प्रयास किया। प्राची वर्मा ने लिथोग्राफी माध्यम की कृति में शीर्षक रिलेशन में एक मानवीय संवेदना को व्यक्त किया है ।आकांक्षा त्रिपाठी ने ड्राई पॉइंट में मानव के पैरों को एक भाव मुद्रा में दिखाया है। मानू वर्मा ने अपने एचिंग और रंजना पाल ने वुडकट माध्यम में बनी कृति में महिला के आंतरिक भाव को दर्शाया है। इस महत्वपूर्ण दिवस पर गैलरी में अलग अलग विधाओं कला, रंगमंच, पाककला, शोध, एवं पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली 16 महिलाओं 12 छापा कलाकारों से साथ साथ श्रीमती मंजू गुप्ता जो रंगमंच,फिल्म, टीवी कलाकार हैं जिन्होंने बहुत से नाटकों,फिल्मों और टीवी सीरियल्स में अपनी भूमिका निभाई है। लखनऊ से ही मास्टर सेफ नादिनी दिवाकर जिन्होंने बड़े ही देश और विदेशों में अपनी रेसिपीज से अपनी एक पहचान बनाई है। हालहि में लखनऊ विश्वविद्यालय से स्कॉलर गजाला जिन्होंने संस्कृत में पांच गोल्ड मैडल प्राप्त किये हैं । राजस्थान पत्रिका की रितेश सिंह ने पत्रकारिता में अपनी कलम से एक पहचान कायम किया है। आज इन सभी महिलाओं को गैलरी की तरफ से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया, सम्मान स्वरूप शॉल, प्रमाण पत्र एवं पौधे दिया गया। स्त्रियों पर साहित्य और कला जगत काफी कुछ लिखा–कहा जा रहा है लेकिन जब स्त्री खुद कुछ कहती है तो वह इस विमर्श का एक महत्वपूर्ण पक्ष होता है। महिला दिवस के मौके पर महिला कलाकारों की यह प्रदर्शनी भी इस दृष्टि से एक नया आयाम जोड़ती है।कला अभिव्यक्ति को अलंकारिक रूप से प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम है तथा इसकी शाश्वत गहराई को प्रतीकात्मक रूप से उकेरा जाता है। यह भाषाई सीमाओं से परे है। अन्य सम्प्रेषण कलाओं की भांति यह भी लोगों को एक दूसरे के पास लाने का काम करती है।

## "जेंडर इक्वैलिटी फॉर ए सस्टेनेबल टुमारो" पर आधारित रहा कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आइसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र लखनऊ में ''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस'' के उपलक्ष पर महिला सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन ''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस'' की थीम 2022, "जेंडर इक्वैलिटी फॉर ए सस्टेनेबल टुमारो" पर आधारित रहा। जिसमें आइसेक्ट पीएमकेके लखनऊ की सभी महिला छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। आइसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र लखनऊ के शाखा प्रमुख आशुतोष कुमार एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे । कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों




द्वारा अनेकों प्रस्तुतियां भी दी गयीं।

## आज के युग में महिलाओं का स्वावलंबी होना जरूरी : डॉ अर्चना पांडेय

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय,अल्लीपुर, हरदोई की राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस)की इकाई के द्वारा आज 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अर्चना पांडे ने कहा कि आज के युग में महिलाओं का स्वाबलंबी होना अति आवश्यक है क्योंकि स्वाबलंबी महिला ही अपने भविष्य को और वर्तमान को सुरक्षित रह सकती है । इस अवसर पर बी.एड. विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि द्विवेदी ने कहा कि आजकल महिलाएं सेना, पुलिस, इंजीनियरिंग, डॉक्टर आदि सभी प्रकार के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हुए साथ ही गृह कार्य को भी बड़े विधि पूर्वक करती हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस.एस. त्रिवेदी ने किया उन्होंने कहा कि पुरुष तो एक ही घर संभालता है लेकिन महिलाएं इस एक नहीं वरन दो–दो घरों को स्वर्ग



बनाने का काम अपने कृतित्व से करती हैं । इस अवसर पर डॉ शशिकांत पांडेय , डॉ केके बाजपेई, डॉ प्रिया जायसवाल आदि के साथ में सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## हमें पल में जीने पर ध्यान क्यों देना चाहिए?

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। "जीवन के लिए 5 महत्वपूर्ण कारण" बताते हुए ''प्रैक्टिशनर लाइफ कोच एंड स्टार्टेजिस्ट डिजिटल मार्केटर''– मनीष नागर ने कहा कि वर्तमान में रहना, यह काफी सरल लगता है लेकिन हम इंसानों के पास इस पल का आनंद लेने के लिए अविश्वसनीय रूप से कठिन समय है। भविष्य पर बहुत अधिक ध्यान देने से अक्सर तनाव और नकारात्मक सोच पैदा होती है। 1. वर्तमान क्षण ही एकमात्र क्षण है जिस पर आपका अभी नियंत्रण है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितनी योजना बनाते हैं, आप निश्चित रूप से कभी नहीं जानते कि जीवन कैसा चल रहा है। आपको केवल तभी पता चलेगा जब आप उस पल में होंगे।योजना आपको भविष्य के लिए एक वांछित परिणाम की गारंटी नहीं देने वाली है, तो क्यों न जो आप अभी नियंत्रित कर सकते हैं उसे स्वीकार करें? 2. उपस्थित होना एक महान तनाव निवारण है। भविष्य और अतीत के बारे में बहुत अधिक सोचना अक्सर तनाव का कारण होता है। भले ही कुछ तनाव फायदेमंद हो सकता है, लेकिन पल में न रहने से होने वाला तनाव किसी के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। 3. योजनाएं अक्सर खुद को उस तरह से प्रकट नहीं करती हैं जैसा आप चाहते हैं या उम्मीद करते हैं। यह एक सच्चाई है, आप इस पर विश्वास करना चाहते हैं या नहीं। आपने कितनी बार किसी चीज की योजना बनाने की कोशिश




की है, लेकिन वह उस तरह से काम नहीं कर रही है जैसा आप चाहते हैं? आपने कैसे प्रतिक्रिया दी? क्या आप परेशान हो गए या आपने स्थिति को स्वीकृति और समझ के साथ संभाला? 4. वर्तमान में जीने से आप खुश रहेंगे। मैं ''आपको खुश करता हूं'' को अक्सर इधर–उधर फेंकना पसंद नहीं करता क्योंकि कुछ भी आपको खुश नहीं करता है लेकिन खुद को। यह कहते हुए कि, वर्तमान में जीना एक निश्चित अग्नि विधि है जिसे आप अपने जीवन में वास्तविक खुशी प्रकट करने के लिए अपना सकते हैं। 5. पिछली उपलब्धियों पर ध्यान न दें। यदि आप अभी भी उस बारे में बात कर रहे हैं जो आपने कल किया था, तो आपने आज बहुत कुछ नहीं किया है। पिछली सफलताओं पर निर्माण करने और भविष्य के लिए अधिक यादें और उपलब्धियां बनाने के लिए अभी भी बहुत समय है–आप। भविष्य में, आप आज की यादों को संजोते रहेंगे।

## रूस–यूक्रेन युद्ध का असर! सोना, चांदी सहित तांबा, पीतल, लोहा, कागज में रिकॉर्ड तेजी, सीमेंट भी हुआ महंगा, कच्चा तेल 140 डॉलर

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : रूस–यूक्रेन युद्ध का सर्वाधिक असर सोना व चांदी पर देखा गया, जो पिछले एक पखवाड़े में रिकॉर्ड तेजी दर्ज कर आम आदमी की पकड़ से दूर होता जा रहा है. वहीं अन्य धातु बाजार में तांबा, लोहा, पीतल, एल्यूमिनियम, स्टील में भी तेजी पर है. माना जा रहा है कि रूस एवं यूक्रेन से आने वाले रसायन की आपूर्ति बाधित होने के कारण इसका बड़ा असर यूरिया व डीएपी पर भी पड़ सकता है. व्यापार महासंघ अध्यक्ष ललितमोहन खंडेलवाल ने बताया कि पिछले एक पखवाड़े से यूक्रेन रूस युद्ध के कारण सेंसेक्स कमजोर होने से सर्वाधिक असर सोने व चांदी पर पड़ा है. 15 फरवरी को जहां चांदी 62–63 हजार प्रति किलो थी। रिकॉर्ड तेजी दर्ज कर हाजिर में 69 हजार प्रति किलो तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में 70 हजार से भी अधिक तेजी पर पहुंच गई. वहीं सोना हाजिर में 53500 में उपलब्ध है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव 55 हजार के ऊपर पहुंच गया. यही नहीं लोहा, सीमेंट, सरिया, तांबा, पीतल, एल्यूमिनियम तथा स्टील के भी हालात यही दिखाई दे रहे हैं. धातु व्यापारी महेंद्र गोयल के अनुसार देश में एक पखवाड़े पूर्व तांबे का भाव 700 रुपए किलो था. आज वह भाव 800 रुपए से अधिक के भाव को छू गया. पीतल जहां 400 प्रति किलो थी 75 रुपए किलो तेजी के साथ 475 तक पहुंच गयी. सीमेंट 350 रुपए तक पहुंच गया है, लोहा व सरिया भी 82 रुपए किलो तक जाने से निर्माण महंगा हुआ। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में जोरदार तेजी आ गई है. पिछले कारोबारी सत्र में कच्चा तेल 140 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुँच दिन के सर्वोच्च स्तर को पार कर गया. हालांकि बाद के कारोबारी सत्र में कच्चे तेल की कीमत 125.79 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर सेटल हुई। कच्चे तेल की कीमत का ये स्तर 2008 के बाद का सर्वोच्च स्तर है।

## नतीजों से पहले अखिलेश यादव ने एग्जिट पोल और ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल, डीएम–जिला मजिस्ट्रेट ने गलत बताते हुए अफवाह फैलाने का लगाया आरोप

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : कई न्यूज सर्वे के एग्जिट पोल में बीजेपी के जीत के अनुमान के बाद और चुनाव नतीजों से पहले द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिर ईवीएम को लेकर सवाल उठा दिया है. उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग से कई बूथों पर हो रही धांधलियों को रोकने के लिए बताया गया. उनसे कड़ी कार्रवाई करने की अपील की गई मगर एक भी अधिकारी पर कार्रवाई नहीं की गई. अब जनता को आगे आकर अपने मतदान की रक्षा करनी होगी. उन्होंने अपनी पार्टी सहित गठबंधन के अन्य नेताओं व प्रत्याशियों को कम से कम तीन दिन तक ईवीएम की रक्षा करने की अपील की। यूपी के पूर्व सीएम और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस प्रेस वार्ता से पहले जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह चौहान सहित सुभासपा सुप्रीमो ओमप्रकाश राजभर के साथ लंबी बैठक की. उसके बाद उन्होंने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा, इस चुनाव में जिन लोगों ने वोट दिया है, उनकी यह जिम्मेदारी है कि वे ईवीएम की रक्षा करें. वे अपने मतदान को सुरक्षित करें क्योंकि यह सरकार बनाने और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है. यदि इस बार भी इनकी साजिश पूरी हो जाएगी तो अगली बार आंदोलन करने के बाद ही इन लोगों को साजिश करने से रोका जा सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि मीडिया में कुछ दिनों पहले एक खबर छपी थी कि अखिलेश यादव का घर साफ कराया जा रहा है. इसके बाद से ही साजिश करके मतदान में गड़बड़ी करने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने कहा कि लखनऊ से बड़े स्तर के अफसर डीएम आदि को फोन करके उन्हें गलत काम करने पर मजबूर किया जा रहा है. सोनभद्र और वाराणसी के डीएम के खिलाफ उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। इस पर वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि ईवीएम का इस्तेमाल प्रशिक्षण के लिए किया जा रहा था और वे मतदान में इस्तेमाल नहीं की गई थी. कुछ राजनीतिक दलों पर अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए, जिला मजिस्ट्रेट कौशल राज शर्मा ने कहा कि चुनावों में इस्तेमाल की गई सभी ईवीएम सीआरपीएफ के कब्जे वाले स्ट्रांग रूम में सील कर दी गई हैं और सीसीटीवी निगरानी में हैं, जिसे सभी राजनीतिक दल के लोग देख रहे हैं। उन्होंने कहा, मंडी स्थित खाद्य गोदाम में बने एक अलग गोदाम से ईवीएम यूपी कॉलेज जा रही थी. गणना कार्य में लगे कर्मचारियों का कल दूसरा प्रशिक्षण है और इन मशीनों का प्रयोग हमेशा व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए किया जाता है।

## स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : बच्चों ने नाटक प्रस्तुत कर दिया महिलाओं का सम्मान करने का संदेश

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सुरसा विकास खंड की ग्राम पंचायत म्योनी में स्थित राज्यस्तरीय इंग्लिश मीडियम प्राथमिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर में बच्चों ने एक नाटक के माध्यम से सन्देश दिया। जिसका शीर्षक था शिक्षित महिला घर की जिम्मेदार नागरिक। बच्चों ने नाटक के माध्यम से दिखाने की कोशिश की कि हमारे देश मे महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कन्धे से कंधा मिलाकर संघर्ष कर रही है। चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो पुलिस, सेना, डॉक्टर, पायलट, नैवी, और हवाई जहाज तक उड़ाती है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक की जमकर सराहना की। इसके अलावा बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भी अपनी–अपनी प्रतिभा दिखाई। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक लाल



बहादुर गौतम ने विद्यालय में तैनात शिक्षिका श्रुति देवी व गांव की महिलाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य नेमपाल, शिक्षक उमेश कुमार ,श्रीनाथ दीक्षित, राजेश कुमार, वीर बहादुर अरविंद कुमार आदि लोगों मौजूद रहे।

## थाना गौराबादशाहपुर के जघन्य अपराध में मॉनीटरिंग सेल जनपद जौनपुर की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को 10 वर्ष कारावास एवं जुर्माना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 22/04/2016 को समय शाम 08:00–8:30 बजे अभियुक्तगण द्वारा अभियोगी के लड़के उम्र 24 वर्ष को गोली मारकर घायल कर देने के संबंध में दिनांक 22/04/2016 को दिए गए तहरीर के आधार पर थाना गौराबादशाहपुर में मुकदमा अपराध संख्या 312/2016 धारा 307,302, भारतीय दंड संहिता एवं 27/30 आयुध अधिनियम पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। जघन्य अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने हेतु उपर्युक्त अभियोग को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कराते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपने निकट पर्यवेक्षण में मानिटरिंग सेल जनपद जौनपुर के माध्यम से अभियोग का न्यायालय में विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप दिनांक 08/03/2022 को माननीय न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश जनपद जौनपुर द्वारा अभियुक्त विपिन यादव पुत्र रामजीत यादव निवासी ग्राम नरायनपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर को आरोप अंतर्गत धारा 304 भाग–2 भारतीय दंड संहिता में 10 वर्ष के सश्रम कारावास के साथ मु0– 10,000 रुपये(दस हजार रुपये) के अर्थदंड से, अर्थदंड न देने पर 1 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतेगा, के दण्डादेश से दण्डित किया गया। बाद वसूली जुर्माने की आधी धनराशि मृतक के विधिक वारिसान को नियमानुसार प्रदान की जाएगी।

## महिलाएं ठान लें तो सफलता कदम चूमेगी : कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को फार्मेसी संस्थान में 60 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन महिलाओं को जिला प्रशासन की ओर से इत्र बनाने का प्रशिक्षण लेने के लिए कन्नौज भेजा गया था। विश्वविद्यालय की कुलपति ने सभी महिलाओं को अंगवस्त्रम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस.मौर्य ने कहा कि महिलाएं अगर ठान लें तो असंभव शब्द उनके लिए नहीं है। वह कुछ भी कर सकतीं हैं। आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। ये दिन इन्हीं उपलब्धियों को सलाम करने का है। इसके अलावा इन दिन का मकसद महिलाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाना भी है ताकि उन्हें उनका हक मिल सके और वह पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें। मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक राम बहादुर सरोज ने कहा कि महिलाएं हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। यूं हीं आगे बढ़ते रहें और मंजिल तक पहुंचे।भारत जैसे पुरुष प्रधान देश में भी महिलाओं ने अपने कौशल कार्य से अपनी अलग



पहचान बनाई है। महिला अध्ययन केंद्र प्रभारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर महिला अध्ययन केंद्र और मिशन शक्ति ने महिलाओं के जागरूकता के लिए कई कदम उठाए हैं । इसी के चलते महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और जिले के विकास में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। संचालन डॉ सोनम झा आभार डॉ वनिता सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ पूजा सक्सेना, डॉ रेखा पाल, डॉ अन्नु त्यागी, डॉ झांसी मिश्रा, डॉ प्रियंका, डॉ जया शुक्ला, डॉ करूणा निराला, डॉ विनय वर्मा, डॉ मनोज कुमार पांडेय, डॉ. धीरेंद्र चौधरी इत्यादि मौजूद रहे।

## तिलकधारी महिला महाविद्यालय में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का हुआ उदघाटन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : राष्ट्रीय सेवा योजना तिलकधारी महिला महाविद्यालय जौनपुर में आज तीनों इकाइयों का संयुक्त रूप से सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के उमानाथ सिंह सभागार में प्राचार्य डॉ वंदना सिंह ने सरस्वती मां एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया !अपने संबोधन में उन्होंने सभी स्वयं सेविकाओं से संयम एवं अनुशासन में रहने की बात कही और विशेष शिविर के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला! आज बौद्धिक सत्र की मुख्य वक्ता महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ प्रमिला पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास होता है उन्होंने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि "आत्म दीपो भव "आप अपना दीपक स्वयं बने और दूसरों का भी मार्ग प्रशस्त करें !और पूरी उर्जा के साथ आगे बढ़े और शिविर के सकुशल संपन्न होने की कामना के साथ सभी स्वयं सेविकाओं को



शुभकामनाएं भी प्रेषित की कार्यक्रम के अतिथि का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ शालिनी सिंह ने किया धन्यवाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम सिंह ने दिया! संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजश्री सिंह ने किया !इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनी नेहा रुकैया रितिका टिया कविता के साथ सभी स्वयं सेविकाओं का विशेष सहयोग रहा!

## वैश्य एकता महासभा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनाया महिला दिवस

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अखिल भारतीय वैश्य एकता महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती रंजना गुप्ता एवं कमेटी की संरक्षक श्रीमती विभा गुप्ता ,मीनू गुप्ता एवं अनीता गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ करवाया। सर्वप्रथम नन्हे आंज्नेय गुप्ता ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मातृशक्ति को प्रणाम किया।तदोपरांत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए इसी क्रम में स्वाजातीय रत्न श्रीमती नीरा गुप्ता एवं डॉक्टर पारूल गुप्ता को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इन्होंने समाज में अपनी दोहरी भूमिका निभाई और अपने कार्य क्षेत्र में प्रबल होने के साथ–साथ परिवार का भी पालन पोषण अच्छी तरह से किया।कार्यक्रम की जज डॉक्टर पूजा गुप्ता एवं डॉ पारुल गुप्ता सम्मिलित रूप से रही। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीता एवं अंकिता गुप्ता विजई कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी लवली दीदी ने भी महिलाओं की समाज में महती भूमिका को लेकर अपने विचार प्रकट किए व सभी महिलाओं को शुभ आशीष तथा साहित्य वितरित किया।मंडल अध्यक्ष राणा गुप्ता जी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं एवं प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी व कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष श्रीमती पल्लवी ओमर को कोटिश आशीर्वाद दिए। अंत में अध्यक्ष श्रीमती पल्लवी ओमर जी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया व महिला



दिवस पर महिलाओं की विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धता के बारे में भी अवगत कराया उन्होंने कहा कि संविधान ने भी महिलाओं को समान अधिकार दिए हैं जिसका पालन सभी समाज को करना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया व समाज में इस तरह की गतिविधियां जारी रखने का भी आवाहन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपाध्यक्ष श्रीमती रेनू गुप्ता ,कोषाध्यक्ष शशि गुप्ता महामंत्री दीपा गुप्ता,संगठन मंत्री अनीता गुप्ता कला एवं सांस्कृतिक मंत्री ,शालू गुप्ता सूचना एवं प्रसारण मंत्री, श्रीमती मंजू गुप्ता पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य मंत्री, सरिता गुप्ता सहायक मंत्री ,सीमा गुप्ता एवं मौसमी गुप्ता का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर ओमर वैश्य क्षेत्रिय समिति की अध्यक्ष श्रीमती शशि गुप्ता,रुचि गुप्ता कनिका गुप्ता शालिनी गुप्ता पूर्व अध्यक्ष पूजा गुप्ता कंचन वर्मा नेहा गुप्ता सुधा गुप्ता शशि गुप्ता नीता गुप्ता विधि , सोना, निकिता, शिवानी आकांक्षा शालू गुप्ता गुंजा गुप्ता सुहानी गुप्ता रश्मि गुप्ता मोनिका गुप्ता आदि उपस्थित रही और कार्यक्रम का आनंद लिया।

## 2982 टीकाकरण सत्र आयोजित होंगे, 168 विभागीय पर्यवेक्षक करेंगे सुपरविजन

जौनपुर सू.वि. : विधानसभा चुनाव की वजह से जिले में सघन मिशन इंद्रधनुष (4.0) टीकाकरण अभियान नौ मार्च से शुरू होगा और 16 मार्च तक (सात दिन) चलेगा। अभियान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। इस दौरान जनपद में नियमित टीकाकरण से छूटे दो वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती का शत–प्रतिशत टीकाकरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि बच्चों एवं



गर्भवती को कुल 12 गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए जनपद में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम चल रहा है जो कि प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित किया जाता है। विभिन्न कारणों से जनपद के 17,640 बच्चे तथा 6,723 गर्भवती नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए जिन्हें इस अभियान में शत–प्रतिशत प्रतिरक्षित किया जाना है। इन टीमों में 426 एएनएम, 3099 आशा कार्यकर्ता तथा 3090 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही 168 विभागीय पर्यवेक्षक सुपरविजन का कार्य करेंगे। सात दिनों में कुल 2982 टीकाकरण सत्र आयोजित होंगे। प्रत्येक बुधवार और शनिवार को नियमित टीकाकरण सत्र चलेगा। अभियान का दूसरा चरण 04 अप्रैल तथा तीसरा चरण 02 मई से सात दिनों के लिए चलेगा। डॉ सिंह ने 12 गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों एवं गर्भवती का शत–प्रतिशत टीकाकरण करवाने की अपील की है। इस अभियान में टिटनेस, गलाघोंटू, कालीखांसी, वायरल निमोनिया, बैक्टीरियल निमोनिया, दस्त रोग (डायरिया), हेपेटाइटिस, टीबी, पोलियो, चेचक (खसरा), रुबेला, जापानी मस्तिष्क ज्वर से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे।

## स्वाथ्य विभाग की टीम ने किया ऐंजर गांव का निरीक्षण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय क्षेत्र के ऐंजर ग्रामसभा के कनकपुर में टीकाकरण के बाद बीमार हुए बच्चों का हाल चाल लेने के लिए जिला चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गाँव का निरीक्षण किया व मृतक बच्चे के परिवार व पीड़ित बच्चों



का स्वास्थ्य परीक्षण किया व उनके परिजनों से जानकारी का आदान प्रदान किया। गत शनिवार को कनकपुर में टीकाकरण के बाद कुछ बच्चे बीमार हो गए थे व एक डेढ़ वर्षीय रुद्रांश की सोमवार को मौत हो गई थी।मामला सुर्खियों में आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम सोमवार को गाँव पहुँची थी।मंगलवार को जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डी0के0त्रिपाठी,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय के डॉक्टर राजेश,धनपतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम के साथ कनकपुर गाँव का दौरा किया।मृतक बच्चे के परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बँधाया।साथ ही जो बच्चे टीकाकरण के बाद बीमार हैं उनको भी देखा व उचित दवाएं व सलाह दी।डॉक्टर डी0के0त्रिपाठी ने बताया कि सभी बच्चे स्वस्थ हैं।कोई खतरे वाली बात नही है।पूर्व सांसद ताहिर खान भी कनकपुर गाँव पहुँचे व पीड़ित परिवार से मिले।

## मतगणना के बाद जुलूस निकालने पर होगी कार्यवाही : सी ओ, राजाराम चौधरी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : मतगणना के बाद जीत का जुलूस निकालने व होली पर्व पर गड़बड़ी करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।इसलिये आप लोग शान्तिपूर्वक सौहार्दपूर्ण ढंग से होली का त्योहार मनाए व मतगणना के बाद हुए फैसले का स्वागत करते हुए आपस मे भाई चारा बनाये रखें।उक्त बातें पुलिस क्षेत्राधिकारी राजाराम



चौधरी ने थाना हलियापुर में एक बैठक के दौरान कही।बुधवार को हलियापुर थाना परिसर में क्षेत्रीय ग्रामप्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य,चौकीदार व क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों की एक आवश्यक बैठक होली पर्व व मतगणना के मद्देनजर थानाध्यक्ष अजयकुमार द्विवेदी द्वारा बुलाई गई जिसमे प्रधान धर्मेंद्र तिवारी, हरि भान सिंह,विपुल सिंह,दुर्गेश सिंह,अतीक अहमद,गब्बर सिंह,धनंजय सिंह,विजय सिंह,रणविजय सिंह,विकास सिंह,जय सिंह,ज्ञानेंद्र सिंह आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।श्री चौधरी ने कहा कि आप लोग किसी भी प्रकार के भूमिविवाद में जरूरी हो तो पुलिस सहायता ले जिससे कोई अप्रिय घटना न हो।थानाध्यक्ष अजय द्विवेदी ने सभी लोगों से क्षेत्र में शांतिव्यवस्था बनाये रखने की अपील करते हुए सभी को धन्यवाद दिया।

## जीवन में महिलाओं का महत्व : अम्बरीष

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना के अनुसार अगर प्रजनन से उत्पत्ति के सिद्धांतों को कुछ पल के लिए दरकिनार कर के सोचें तो समझना मुश्किल है कि अगर औरतें नहीं होती तो क्या होता? हम किन हालातों में जीते, कैसे रहते, कैसे बात करते और कैसे खाते–पीते? हमारा चलना, उठना–बैठना सब कैसा होता? आशंकित हूं कि उस स्थिति में हम होमोसेपियंस भी बन पाते या नहीं। अभी तो ऐसा लगता है, मानो हमारी जिंदगी बस औरतों के ईद–गिर्द ही मंडराती रहती है। हम खरगोश की तरह उसके आसपास फुदकते रहते हैं और अगर वह ही नहीं होती तो हम करते क्या। चलिये ज्यादा महींन नहीं पीसते हैं, सीधे मुद्दे पर आते हैं। महिलाओं के न होने की स्थिति में सबसे बड़ा सवाल यही आता कि फिर हम देखते क्या? आंखें किसी काम की नहीं रह जाती। हमें तो 24 घंटे उन्हें ही देखने, ताडने, घूरने की आदत है। घर से निकलते ही स्कूल, कॉलेज, दफ्तर, दुकान और वापस उन्हें छोडने की जिम्मेदारी हमारे इन्हीं नेत्रों ने ले रखी है। यह काम अगर होता ही नहीं तो दुनिया के आधे से ज्यादा लोग तो फोकट ही होते। कमर की लचक पर नजर ऊपर–नीचे करने को नहीं मिलती तो बेचारे करते क्या? फिर बारी आती गालियों की। गालियों से औरतों को अपदस्थ कर दिया जाए तो उनका कोई औचित्य ही नहीं रह जाता। गालियां किसी के परिवार की महिलाओं को नीचा दिखाने, उनसे अभद्रता की पराकाष्ठा पर जाने की धमकी का ही तो दूसरा नाम है। शायद गालियां देकर यह समझाने की कोशिश की जाती है कि तुम्हारी करीबी किसी स्त्री के साथ अगर ऐसा कर दिया तो तुम्हारा अपने ही लोगों के बीच में क्या मान–सम्मान रह जाएगा। तुम्हारी मर्दानगी खोखले बांस से अधिक क्या होगी। लड़ाई किसी से भी हो शाब्दिक आक्रमण भी उसके परिवार की स्त्रियों पर ही होता है। स्त्रियां ही नहीं होती तो सारे आक्रमण दोनों बैलों के सिंगों की टकराहट से अधिक क्या होते? फिर संसार की सारी शॉपिंग का क्या होता? तमाम मॉल्स बेनूर हो जाते, टीवी के विज्ञापनों की सारी खूबसूरती हवा हो जाती। कितनी सारी चीजें जो सिर्फ महिलाओं को ध्यान में रख कर बनाई गई हैं। उनके माध्यम से बेची जा रही हैं। हम तो अपने लिए दाढ़ी का ब्लैड भी महिला की शक्ल देखे बगैर खरीद नहीं पाते हैं। टेलीशॉपिंग, बीपीओ का सारा बिजनेस ही अंकुरित नहीं हो पाता। कौन हमें उटपटांग पॉलिसियों की सलाह देता, निवेश के नुस्खे सुझाता, अंडरवियर–बनियान खरीदने का सलीका देता। संसार की सारी क्रिएटिविटी गड्ढे में चली जाती। अगर स्त्रियां नहीं होती तो फिर किसके फोटो मार्फ किए जाते? फर्जी अश्लील साइट बनाई जाती। किसे सविता भाभी बनाते? सोशल मीडिया पर उल–जलूल फोटो डालकर टिप्पणियां करते। किसका नंबर जुगाड़ कर वक्त–बेवक्त फोन लगाकर अनाप–शनाप बातें करते। सार्वजनिक शौचालयों से लेकर ट्रेन की बाथरूम में किस के नंबर लिखे जाते। पुरातत्व धरोहरों की दीवारों पर




किसके नाम का कोयला घिसते। आकृतियां बनाते और उसमें अपनी कुंठाएं भरते। कॉपियों के पिछले पन्ने कितने नीरस होते। सार्वजनिक जीवन भी छिन्न–भिन्न हो जाता। थियेटर में किस के बगल की सीट पर बैठकर जानबूझकर पैर टकराते। बस में हाथ दबाते, झटके से ब्रेक लगने पर किस पर उलट जाते। मंदिर की भीड़ में किसे धक्के मारते। उत्सवों में किसकी चुनरी खींचते, आंखें दबाकर इशारा करते, फब्तियां कसते। पार्क में दोस्त के पास बैठा पाकर सार्वजनिक संपत्ति समझ उसके पास अभद्रता करने पहुंच जाते। त्योहारों का भी दम ही निकल जाता। किसके ऊपर सिमन भरे गुब्बारे फेंकते। जानबूझकर देर तक गालों पर रंग घिसते। पीछे से पटाखों की लड़ लगाते। अग्नि के चक्कर कटाकर सात जन्मों के लिए गुलाम बनाते। प्यार में धोखा देते। रस्म–रिवाज के नाम पर घूँघट में कैद करते। कोख में मारते और तीन शब्द दोहराकर आधी रात को घर के बाहर निकाल देते। कुछ लोगों के लिए और भी बड़ी मुश्किल हो जाती। वे रोज शराब पीकर पिटाई किसकी करते। दहेज के लिए किसे प्रताडिघ्त करते, किसका बोझ उतारने के लिए कच्ची उम्र में ब्याह करते, रुपए की लालच में दोगुना उम्र के आदमी के पल्ले बांधते। घर का खर्च बचाने के लिए स्कूल छुड़ाते। किसे घर में कैद करके रखते। कैसे कपड़े पहने, कैसे नहीं इसकी नसीहत देते। किसे कोठे पर बैठाते, एस्कार्ट सर्विस कराते। कपड़े–बर्तन, चौके–चूल्हे में झोंककर शोषण करते। पूरा दिन काम कराकर निठल्ला घोषित करते। आखिर में एक ही सवाल मन में आता है कि वास्तव में हमें स्त्रियों की आवश्यकता क्यों है? उन्हें क्यों इस संसार में रहना चाहिए? स्त्री ने हमारी दुनिया बनाई है, लेकिन क्या हम अब तक उसके लायक इस दुनिया को बना पाए हैं? हमारे आसपास सिर्फ औरतें हैं, लेकिन क्या औरतों के इर्द–गिर्द हम भी वैसे ही हैं। एक बार कल्पना कीजिएगा, क्या अब भी औरतों के सपनों की दुनिया में पुरुष का अस्तित्व होता होगा। अगर सृष्टि को बनाए रखने की विवशता में दोनों का साथ जरूरी नहीं होता तो क्या सच में वह अपनी दुनिया में हमें बने रहने देना चाहती?

## सात दिनों तक चलेगा अभियान, दूसरा चरण से 4 अप्रैल व तीसरा 2 मई से होगा शुरू

जौनपुर सू.वि. : शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) मतापुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हनईपुर पर मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने खुशबू बिंद की 6 माह की बेटी अन्नू को पोलियो की खुराक पिलाकर मिशन इंद्रधनुष अभियान की शुरुआत की। इसके साथ ही सीएमओ ने उजाला पासवान के जुड़वा बच्चे राज और राजन (5 माह) को भी पोलियो की खुराक पिलाई। इस मौके पर टीकाकरण से छूटीं दो गर्भवती तथा 17 बच्चों को भी टीका से प्रतिरक्षित किया गया। सीएमओ ने बताया कि इस अभियान के जरिये नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों एवं गर्भवती को प्रतिरक्षित किया जा रहा है। अभियान का यह प्रथम चरण है, जो सात दिनों तक चलेगा। दूसरा चरण चार अप्रैल से सात दिनों के लिए तथा तीसरा चरण दो मई से सात दिनों के लिए चलेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह बताया कि बच्चों एवं गर्भवतियों को कुल 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए जनपद में नियमित टीकाकरण का कार्यक्रम चलाया जाता है जो कि प्रत्येक बुधवार और शनिवार को चलता है। इस वर्ष किन्ही कारणों से 17,640 बच्चे तथा 6,723 गर्भवती नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए। इन्हें 12 खतरनाक बीमारियों से सुरक्षित करना अति आवश्यक है। इसलिए अभियान चलाकर सभी छूटे लाभार्थियों का शत–प्रतिशत टीकाकरण किया जाना है। इसके लिए जनपद में कुल 426 टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों में 426 एएनएम, 3099 आशा कार्यकर्ता तथा 3090 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही 168 विभागीय पर्यवेक्षक पर्यवेक्षण का कार्य करेंगे। अभियान के सात दिनों में 2982 टीकाकरण सत्र आयोजित होंगे। प्रत्येक बुधवार और शनिवार को नियमित टीकाकरण सत्र भी चलेगा। इस अभियान में टिटनेस, गलाघोंटू, कालीखांसी, वायरल निमोनिया, बैक्टीरियल निमोनिया, दस्त रोग (डायरिया), हेपेटाइटिस, टीबी, पोलियो, चेचक (खसरा), रुबेला, जापानी मस्तिष्क ज्वर से बचाव के टीके लगाए जाते हैं। सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने अपील की है कि नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चे एवं गर्भवती टीकाकरण अवश्य कराएं। इस मौके पर उपजिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ डीके सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सर्विलांस मेडिकल आफिसर (एसएमओ) डॉ अभिजीत जोशे, संयुक्त राष्ट्र बाल आपात कोष (यूनीसेफ) के रीजनल कोआर्डिनेटर प्रदीप विश्वकर्मा, जिला मोबलाइजेशन समन्वयक (डीएमसी) गुरदीप कौर, अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर (यूएचसी) प्रवीन पाठक, यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) के वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर (वीसीसीएम) शेख अबजाद, अर्बन टीकाकरण अधिकारी संजू यादव सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## साइकिलों के रौंदते हुए पलटी अनियंत्रित कार : युवक की मौत व 4 साथी घायल

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के चौबेपुर क्षेत्र के उगापुर पावरहाउस के समीप एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी साइकिलों को रौंदती हुई पलट गई। हादसे में कार सवार शाहरुख (26) नामक युवक की मौत हो गई। वहीं उसके चार साथी घायल हो गए। करेला जीटीबी नगर प्रयागराज से एक कार पर पांच लोग सवार होकर गाजीपुर जा रहे थे। उगापुर पावर हाउस के पहले गाड़ी के स्टेयरिंग में खराबी आने के कारण कार बेकाबू हो गई। सड़क किनारे रामबली यादव के घर के सामने खड़ी मजदूरों की साइकिल को रौंदते हुए पलट गई। कार सवार लोगों की चीख पुकार सुवकर लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचित कर घायलों को बाहर निकाला। इस दौरान गंबीर चोट लगने के कारण शाहरुख पुत्र आस मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे चौबेपुर थानाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने घायल आशीष (24), समद (25), शहीदे आलम (25) और फजल (27) को चिरईगांव स्वास्थ्य केंद्र भेजा। मजदूर की बाल–बाल बची जान जहां से सभी को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में से आशीष की हालत गंभीर बताई जाती है। शाहरुख के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के समय सीमेंट–बालू का मसाला बना रहा एक मजदूर बाल–बाल बच गया। बेकाबू कार बिल्कुल उसके पास से होकर गुजरी थी।

## नौ बजे तक मिल जाएगा मतगणना का पहला रुझान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या विधानसभा चुनाव की मतगणना 10 मार्च को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। नौ बजे तक मतगणना का पहला रुझान आने की संभावना है। सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना का काम 34 राउंड में पूरा हो जाएगा।मतगणना के लिए प्रत्याशियों के अभिकर्ता बनाए जाने का काम लगभग पूरा हो गया है।प्रशासन के स्तर पर मतगणना की तैयारी अंतिम चरण में है। मतगणना 10 मार्च को जीआईसी परिसर में होगी। इसके लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। वोटों की गिनती का काम सुबह आठ बजे शुरू हो जाएगा।पहले पोस्टल बैलेट और सर्विस वोट की गिनती की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए तीन–तीन मतगणना पार्टियां अलग से लगाए जाने की बात बताई गई हैं। इसके बाद ईवीएम से वोटों की गिनती शुरू की जाएगी।इसके लिए विधानसभा वार 14–14 टेबल सजाई जाएंगी। मतगणना का पहला रुझान सुबह नौ बजे मिलने की संभावना है। इसके बाद विधानसभा वार राउंड में गिनती की जाएगी।अलग–अलग विधानसभा क्षेत्र की गिनती बूथों के हिसाब से अलग–अलग राउंड की संख्या में होगी। जिले की पूरी मतगणना 34 राउंड में पूरी होगी। सबसे देर तक गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र की होगी।यदि मतगणना समान रूप से चली तो सबसे पहले अयोध्या विधानसभा क्षेत्र की मतगणना पूरी होने की संभावना है। वोटों की गिनती के लिए लगाए गए मतगणना कर्मचारियों को दूसरा प्रशिक्षण बुधवार को दिया जाएगा।इसके बाद कार्मिक वोटों की गिनती के लिए तैयार हो जाएंगे लेकिन उनकी ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र के किस टेबल पर लगाई गई है यह जानकारी 10 मार्च की सुबह जीआईसी पहुंचने पर रिटर्निंग अफसर के स्तर से दी जाएगी।मतगणना के बाद ईवीएम से निकले वोटों की क्रॉस चेकिंग भी की जाएगी। इसके लिए अलग से विधानसभा वार एक–एक टेबल लगाई जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पांच बूथों को रेंडम निकाला जाएगा।इसके बाद इसके वीवी पैट के वोटों को गिना जाएगा। फिर इसका मिलान ईवीएम से निकले वोटों से किया जाएगा। दोनों में एकरूपता होनी चाहिए। यहां भी प्रत्याशियों के मतगणना एजेंट के मौजूद रहने की व्यवस्था की गई है।प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अफसरों के स्तर से प्रत्याशियों के मतगणना एजेंट के नियुक्ति किए जाने का काम अंतिम पायदान पर है। प्रत्येक प्रत्याशी के लिए ईवीएम, पोस्टल बैलेट, सर्विस वोटर और वीवी पैट की गिनती के लिए मतगणना एजेंट नियुक्त किए जा रहे हैं।10 मार्च को मतगणना स्थल पर बगैर पास धारी किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं मिलेगा। इसके लिए मतगणना से जुड़े सभी लोगों को पास की व्यवस्था की गई है।वोटों की गिनती के लिए जीआईसी परिसर के बाहर और अंदर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम रहेंगे। जीआईसी के सामने की सड़क से रूट डायवर्जन भी लागू रहने की संभावना है।प्रत्येक विधानसभा स्थल के मतगणना स्थल के बाहर की ओर फोर्स की तैनाती रहेगी। प्रवेश और निकास मार्ग पर भी फोर्स का इंतजाम रहेगा।परिसर के अंदर प्रेक्षकों के साथ सभी बड़े अफसर स्वयं मौजूद रहकर शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न कराएंगे।जीआईसी में डाटा तैयार करने के लिए कंप्यूटर रूम बनाया जा रहा है। यहां कई कंप्यूटर और ऑपरेटर के साथ ही अफसरों की तैनाती की जा रही है। इंटरनेट की सुविधा से लैस इस कक्ष में राउंडवार डाटा इंट्री के साथ इसे आयोग को भेजे जाने की व्यवस्था होगी।जीआईसी में बैरिकेडिंग के बाद अब मतगणना के लिए विधानसभा वार पांडाल बनाए जाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही अफसरों और मीडिया के लिए अलग से पांडाल बनाया जा रहा है। अंदर जाने के लिए कर्मचारियों, मीडिया के लोगों के साथ अफसरों के लिए अलग–अलग मार्ग तय रहेंगे।34 राउंड में पूरी जिले की मतगणना पूरी होगी। रुदौली 31 राउंड मिल्कीपुर(अ.जा.) 33 राउंड,बीकापुर 31 राउंड, अयोध्या 30 राउंड,गोसाईगंज 34 राउंड तक होगी। मतगणना को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। कर्मचारियों को बुधवार को दूसरा प्रशिक्षण दिया जाएगा।मतगणना 10 मार्च को सुबह आठ बजे शुरू करा दी जाएगी। मतदान कर्मचारियों को सुबह सात बजे बुलाया गया है।सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए जा रहे हैं।

## घर से बाहर तक महिलाओं की अहम जिम्मेदारी–लल्लू सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्रॉप लाइफ इंडिया के द्वारा कौशल्या फाउंडेशन के सहयोग से कलावती सभागार, डाभा सेभर में आदिशक्ति सम्मान महोत्सव – एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह रहे। इस अवसर पर जिला सहकारिता बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह टिल्लू , कृषि अधिकारी ब्रजेश सिंह, जिला उद्यान निरीक्षक रवि त्रिपाठी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजेश कुमार, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक कमलेश यादव, कृषि विज्ञान केन्द्र मसौधा के वैज्ञानिक डॉ अर्चना सिंह, डॉ पी के सिंह, डॉ पंकज, क्रॉप लाइफ इंडिया की सीईओ अस्तिन सेन विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास खंड– मवई, मिल्कीपुर, रुदौली, तारुन और मया बाजार के कृषक उत्पादक संगठन एवं औद्यानिक विपणन सहकारी समिति लिमिटेड से जुड़ी दो सौ महिला किसानों का क्षमतावर्धन और उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा अवधी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी महिला किसानों को अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह के हाथों सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने उपस्थित महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना देते हुए बताया कि घर से खेत तक बिना महिलाओं के कुछ भी सम्भव नहीं है। किसान उत्पादक संगठन को सशक्त करने के लिए महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। कृषि कार्यों में सबसे अधिक योगदान महिलाओं का ही है। इस अवसर पर क्रॉपलाईफ इंडिया के सीईओ अस्तिवा सेन ने बताया कि सुरक्षित और सुदृढ़ भविष्य और समाज के लिए महिलाओं की बराबर की भागीदारी अतिआवश्यक है। महिलाओं से ही समाज का निर्माण होता है। क्रॉप लाईफ इंडिया महिलाओं के जज़्बे को सलाम करता है और सतत उनके विकास हेतु प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान महिला किसानों के लिए मशरूम उत्पादन, समेकित कीट प्रबंधन, किचन गार्डन, महिला पोषण एवं माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसिय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कौशल्या फाउंडेशन के मेनेजिंग ट्रस्टी कौशलेंद्र ने बताया कि कौशल्या फाउंडेशन द्वारा अयोध्या जिले में पाँच किसान उत्पादक संगठन बनाया गया है, प्रत्येक किसान उत्पादक संगठन में तीन सौ किसान जुड़े हैं। इन संगठनों के निदेशक मंडल में भी महिलाओं की भागीदारी है। इस अवसर पर क्रॉप लाइफ इंडिया के सोनी ममगाई, अंजना, नुपुर, मिल्कीपुर एफपीओ के अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, सुशील मिश्रा, प्रमोद कुमार, अरुण कुमार, संजीत चौरसिया, अविनाश, शिवगोविंद, सुधीर गुप्ता, शिवम सिंह, संतोष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## पांच अप्रैल को भव्य रुप से मनाई जाएगी महाराजा निषाद जयंती–संतोष निषाद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के सिविल लाइन स्थित एक होटल के सभागार में निषाद समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से संतोष निषाद को दोबारा अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया.निषाद समाज के जिला अध्यक्ष संतोष निषाद ने दोबारा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर समाज के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया. वही संतोष निषाद के नेतृत्व में प्रेस वार्ता कर 5 अप्रैल को होने वाले महाराजा निषाद जयंती पर होने वाले कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई और कैसे महाराजा निषाद की जयंती को भव्य रूप से मनाया जाए.इसके बारे में समाज के लोगों से विचार विमर्श किया गया. इस मौके पर निषाद समाज के जिला अध्यक्ष संतोष निषाद ने कहा कि विगत कई वर्षों की भांति इस बार भी भव्य रूप से महाराजा निषाद राज की जयंती के साथ समाज के महापुरुषों की झांकी निषाद नगर रेतिया से निकलकर जिले के मुख्य मार्ग चौक ,रिकाबगंज ,सिविल लाइन होते हुए गांधी पार्क रोडवेज के पास जयंती समारोह के साथ साथ होली मिलन समारोह को भव्य रूप से मनाया जाएगा. वही 10 मार्च के बाद पांचो विधानसभा से जीते हुए प्रत्याशियों का भव्य स्वागत भी किया जाएगा, उक्त अवसर पर डॉ नानक सरन,श्याम लाल निषाद,अरुण निषाद, अमरजीत निषाद सभासद,मोतीराम निषाद ,अमर निषाद, हेमंत निषाद, मुन्ना निषाद, प्रधान निषाद, सोनू निषाद, अरविंद निषाद ,सिया राम निषाद, हरिश्चंद्र निषाद, बाबूराम, मनजीत निषाद, गुरु प्रसाद निषाद, राजेश निषाद आसाराम निषाद ,हरी किशन निषाद ,संजय निषाद, फौजी, रामधन निषाद ,यशपाल निषाद, लालमणि निषाद ,रमेश निषाद, कुश निषाद ,राम दुलारे निषाद ,तिलक राम निषाद, शैलेंद्र निषाद आदि निषाद समाज के लोग रहे मौजूद।

## रामलला को 5 सौ साल बाद मिला बेड, गद्दा, मखमली रजाई और मच्छरदानी भी मिली भूमिपूजन के बाद चारों भाइयों के बढ़े ठाठ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पांच अगस्त 2020 को भूमिपूजन के बाद से रामलला के ठाठ बढ़ते जा रहे हैं। उनके लिए नए बेड के साथ गद्दा–रजाई और मसलंद के साथ मच्छरदानी भी लगाई जा रही है। रामलला को यह बेड 5 सौ साल बाद मिला है। इसके पहले उन्हें चांदी का सिंहासन, झूला और सोने का मुकुट मिल चुका है। अभी तक रामलला को उनके स्थान पर ही सिंहासन हटाकर रात में शयन कराया जाता था कड़ाके की ठंडक शुरू होने के बाद भी रामलला नए बेड पर मखमली रजाई में सुख से शयन कर रहे हैं। कड़ाके की ठंडक शुरू होने के बाद भी रामलला नए बेड पर मखमली रजाई में सुख से शयन कर रहे हैं। मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि वह 1992 से रामलला की सेवा कर रहे हैं। अभी तक रामलला को उनके स्थान पर ही सिंहासन हटाकर रात में गद्दा बिछाकर शयन कराया जाता था। उनके लिए पहली बार बेड की व्यवस्था श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से की गई है। रामलला के साथ उनके बेड पर भरत और दूसरे पर लक्ष्मण व शत्रुघ्न को शयन कराया जा रहा है। ट्रस्ट से जो कहा जा रहा है, वह सभी सुविधाएं रामलला को लगातार मिल रही हैं। अब रामलला की सेवा एक बालक के रूप में रूप में हो रही है। सहायक पुजारी संतोष तिवारी ने ट्रस्ट के इस सहयोग का स्वागत कर प्रसन्नता जताई है। बालक की तरह भगवान की भी सेवा की जा रही रामजन्मभूमि के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने कहा कि रामलला बालरूप श्रीराम चारों भाइयों को ठंड से बचाने के लिए गरम कपड़े पहनाए गए हैं। भगवान को गर्म रखने के लिए ब्लोअर की व्यवस्था की गई है। भगवान को बाल रूप में माना जाता है। जैसे बालक की सेवा की जाती है, उसी तरह भगवान की भी सेवा की जा रही है। उन्हें गर्म जल से स्नान कराया जा रहा है। घने कोहरे और बढ़ी ठंड से भगवान भी अछूते नहीं हैं। अयोध्या के मंदिरों में भगवान को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनाए जा रहे हैं। ठंड से बचने के लिए मंदिरों में भगवान के विग्रह के सामने आग की अंगीठी और हीटर भी जलाई जा रही है। वहीं भगवान को ठंड न लगे, इसके लिए भोग और श्रृंगार व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। ठाकुर जी को भोग में तिल का भोग लगाया जा रहा श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख और अयोध्या एडवर्ड तीर्थ विवेचिनी सभा के अध्यक्ष स्वामी राजकुमार दास ने कहा कि लोग ठंड से बेहाल हैं। ठंड का असर जहां एक ओर संतों और साधकों पर पड़ रहा है। वहीं, भगवान पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। अयोध्या के मंदिरों में भगवान को ठंड से बचाने के लिए स्वेटर और शाल को स्नान के बाद पहनाया जाता है। भगवान के श्रृंगार में फूल की माला पहनाने की अपेक्षा सामने रखी जाती है। ठाकुर जी को भोग में माखन की जगह तिल का भोग लगाया जाता है। यह प्रक्रिया होली तक जारी रहेगी।

## अनुशासन ही व्यक्तित्व का विकास करता है–जिला विद्यालय निरीक्षक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शिक्षा क्षेत्र के अयोध्या–सुल्तानपुर सीमा पर स्थित राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज पिठला में शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या राकेश कुमार रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद में यूपी बोर्ड के विद्यालयों की शिक्षा को गुणवत्ता परक तथा सीबीएसई बोर्ड के सामान बनाने की बात पर बल दिया।उन्होंने कहा कि, विद्यालय का परिवेश स्वच्छ एवं आकर्षक होना चाहिए। विद्यालय के छात्र निर्धारित गणवेश में विद्यालय आने चाहिए। शिक्षा की गुणवत्ता में आमूल चूल परिवर्तन की आवश्यकता है, जिससे हम सीबीएसई विद्यालयों की बराबरी कर सकें। ऐसा नहीं है हम मेहनत नहीं करते परंतु अनुशासन ही शिक्षा को गुणवत्ता प्रदान करता है तथा छात्र के व्यक्तित्व का पूर्ण विकास करता है। विद्यालयों में उत्तम अनुशासन होना चाहिए। अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है, जिसकी उपयोगिता अपरिहार्य है। प्रत्येक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों की विशेष तैयारी करवानी होगी, जिससे वह बेहतर परिणाम ला सकें। संगोष्ठी के आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रमेश मिश्रा ने आए हुए आगंतुकों एवं जिला विद्यालय निरीक्षक का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी को अशोक कुमार तिवारी प्रधानाचार्य डॉ बद्री प्रसाद पांडे स्मारक सर्वोदय इंटर कॉलेज रामगंज एवं शिवराम प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज हरदोइया, गुरु प्रसाद तिवारी प्रधानाचार्य संत तुलसीदास सत्यदेव इंटर कॉलेज पूरब गांव ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य जिसमें आलोक कुमार सिंह रमाशंकर मिश्रा सुशील शुक्ला आशीष कुमार श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर आईजी रेंज अयोध्या द्वारा उप निरीक्षक अमिता वर्मा व आरक्षी प्रियांशी को किया गया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कवीन्द्र प्रताप सिंह पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या ने जनपद अयोध्या में कार्यरत महिला पुलिस बल को उनके सराहनीय कार्यों के दृष्टिगत प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।सम्मानित होने वाली महिला पुलिस बल में उपनिरीक्षक अमिता वर्मा पीएनओ– 182254459 नियुक्ति साइबर थाना, अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या एवं महिला आरक्षी प्रियाँशी सिंह पीएनओ– 162352841 नियुक्ति आंकिक शाखा, रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद अयोध्या रही।इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या रेंज के पी सिंह ने देश की महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ''महिलाओं की उन्नति ही देश की असली उन्नति है क्योंकि एक शिक्षित व जागरूक महिला दो परिवारों के उन्नति और विकास में अपना अमूल्य योगदान देती है। एक महिला जब वर्दी में हो तो उसे देखकर देश की महिलाओं/ बालिकाओं में सुरक्षा की भावना



ज्यादा ही जागृत होती है। हमारे जीवन में एक माँ, बहन और बेटी के रूप में महिलाओं की अहम भूमिका रहती है, अतः हम सभी को महिलाओं का सदैव सम्मान करना चाहिए।''

## वाराणसी में ईवीएम मिलने के मामला को लेकर सपा मतगणना प्रभारी विशाल बर्मा ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।समाजवादी पार्टी के अयोध्या मतगणना प्रभारी विशाल वर्मा ने सपा प्रत्याशियों के साथ प्रेसवार्ता की। विशाल वर्मा ने बयान में कहा कि सरकार में बैठे लोग लोकतंत्र की हत्या करने के लिए आतुर है। शिकायत के बाद भी चुनाव आयोग नहीं कर रहा कार्रवाई।ईवीएम अगर ट्रेनिंग के लिए जा रही थी तो क्यों नहीं प्रत्याशियों को जानकारी दी गई। चुनाव आयोग निष्पक्ष कराए मतगणना। चुनाव आयोग सरकार के दबाव में काम कर रहा है। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव जिलों के डीएम को कर रहे फोन। भाजपा के लीड कम हो तो मतगणना हो स्लो। विशाल वर्मा ने आरोप लगाया।मतगणना धीमी गति से करने पर रात में गड़बड़ी कर सकती है सरकार।प्रेस कॉन्फ्रेंस में अयोध्या से सपा प्रत्याशी पवन पांडे, गोसाईगंज



से प्रत्याशी अभय सिंह, बीकापुर से प्रत्यासी हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर व रुदौली से सपा प्रत्याशी आनंद सेन यादव रहे मौजूद।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ महानगर ने किया नगर शिक्षा अधिकारी का स्वागत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ महानगर क्षेत्र अयोध्या द्वारा नवागत महानगर शिक्षा अधिकारी का स्वागत कम्पोजिट विद्यालय अंगूरीबाग पर बुके अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर किया गया।मीडिया प्रभारी दीप सहाय ने बताया कि नवागत महानगर शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह का स्वागत करते हुए महानगर अध्यक्ष डॉ अरविंद पाठक ने नवागत महानगर शिक्षा अधिकारी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अत्यंत सरल और दृढ प्रतिज्ञ अधिकारी बताया । शिक्षकों को संबोधित करते हुए महानगर शिक्षा अधिकारी ने नगर क्षेत्र के अध्यापकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण की बात कही और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दिया। उक्त अवसर पर एआरपी योगेश्वर सिंह, संयुक्त कार्यसमिति सदस्य तहसीन बानो,मंत्री प्राणेश रावत,संयुक्त मंत्री लाल बाबू यादव, उपाध्यक्ष डॉ शशिधर द्विवेदी,रामानंद मौर्य, दिवाकर उपाध्याय, जुबेर शाहिद, शरद श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी दीप सहाय, शिक्षामित्र आरती निषाद ,मुकेश यादव, सबा परवीन,राधिका विश्वकर्मा, विकास आर्या परिचारक आशीष गुप्ता, दुर्गा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश की जनता ने विकास और सबका साथ,सबका विकास के मुद्दे पर भाजपा का समर्थन दिया:प्रकाश पाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला भाजपा कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ जिला प्रभारी प्रकाश पाल और जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने कल आने वाले विधानसभा नतीजों पर चर्चा की। जिला प्रभारी ने कहा कि कल के नतीजे विपक्ष के सारे दावों का सफाया कर देगा। प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था और सबका साथ सबका विश्वास के मूल मंत्र पर विश्वास जताया है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने समाजवादी सरकार में गुंडागर्दी का दंश झेला है। जनता का आशिर्वाद भाजपा के साथ है। जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने सरकार के पांच साल के शासन को प्रदेश के लिए स्वर्णिम बताया। बिना भेदभाव जनता के लिए काम किया। महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा पर प्रदेश की सभी माता और बहनों का आशिर्वाद योगी मोदी के साथ है। समाजवादी पार्टी ने माहौल खराब करने को ईवीएम जिन्न बाहर निकाला है। समाजवादी पार्टी की मानसिकता जिन्ना और जिन्न तक सीमित है। सपा



नेताओं का उतावलापन उनकी हार की हताशा को दिखा रहा है। जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक ने विपक्ष के मीडिया जगत पर उठ रहे सवालों को बेबुनियाद बताया। मीडिया प्रभारी ने कहा कि बहुत से ऐसे एग्जिट पोल है जो भाजपा के हक में नही है लेकिन पार्टी के किसी भी नेता ने मीडिया पर प्रश्न चिन्ह नही उठाया। मीडिया निष्पक्ष अपना काम कर रही है। जनता अपना मत दे चुकी है। जनता का आशिर्वाद भाजपा के साथ है।

## टायर फटने के बाद बेकाबू कार डीसीएम से टकराई छह की मौत : मुख्यमंत्री ने जताया शोक

इटावा ब्यूरो : यूपी के इटावा जिले में बुधवार को भी भीषण सड़क हादसा हुआ। इटावा–मैनपुरी रोड पर बुधवार दोपहर हुए हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा थाना सैफई क्षेत्र के नगला राठौर के पास हुआ। घटना के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। साथ ही राहगीरों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया है। वहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार जसवंतनगर के लटपुरा निवासी गोपाल गुप्ता का फोटो स्टूडियो है, उनकी टीम सैफई थाना क्षेत्र के किसी गांव में शादी के फोटो–वीडियो शूट करने गई थी।हासदा वहां से लौटते वक्त हुआ है। बताया गया कि इनकी कार का टायर फटने से वाहन अनियिंत्रित हो गया, जिससे उनकी कार को डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे की सूचना मिलते ही एसएसपी जयप्रकाश ने भरथना सीओ, सैफई सीओ को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। इसके अलावा आसपास के थाना क्षेत्रों की पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को एंबुलेंस से सैफई



मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचाया। मृतकों में मंजीत शिव प्रसाद (27) निवासी धरबार जसवंत नगर, सधान (23) पुत्र गुलजार निवासी कटरा कूपचंद्र जसवंत नगर, ब्रजमोहन (23) पुत्र महेश चंद्र मोहन निवासी जसवंत नगर, विशेष (25) पुत्र मुनीम निवासी जसवंत नगर, करण (29) व एक अन्य शामिल है। मुख्यमंत्री ने जताया शोक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया है। साथ ही घायल दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति का समुचित उपचार करवाने का निर्देश दिया है।

## धान लदा ट्रक चार वाहनों को रौंदते हुए पलटा जिससे छह घायल : चालक को लोगों ने दबोचा

वाराणसी ब्यूरो : मिर्जापुर जिले के लालगंज–कलवारी रोड पर बुधवार को 11 बजे एक धान लदा ट्रक चार वाहनों को रौंदते हुए पलट गया। घटना में छह लोग घायल हो गए। चालक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा होती रही कि बड़ा हादसा होने से बच गया। बेकाबू ट्रक की चपेट में आने कई लोगों की जान जा सकती थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। घायलों की हालत भी सामान्य है। लालगंज–कलवारी रोड पर लालगंज की ओर से दीपनगर जा रहा धान लदा ट्रक कोलकम–कचरिया पहाड़ी पर दूध व्यवसायी झल्लर पाल (35) की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में झल्लर घायल हो गया। वहीं ट्रक आगे जाकर कोलकम में ही रोड की पुलिया तोड़ कर तेजी से दीपनगर की ओर जाने लगा। आक्रोशित लोग ट्रक का पीछा कर रहे थे। ट्रक पथरौर के पास से मुड़ कर फिर लालगंज की ओर जाने लगा। कचरिया में संदीप वस्त्र भंडार के सामने भारतगंज–प्रयागराज के अहमद रजा (25) की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। 'नहीं भागते तो ट्रक रौंद देता' फिर भी चालक ने ट्रक को नहीं रोका। भागने की कोशिश में बाइक सवार नौ पुरवा अमोई पुरवा निवासी जनक कोल (25) व उनके रिश्तेदार मंगला प्रसाद कोल (55) को टक्कर मार दी। सड़क के बगल में खड़ी रजगढ़वा निवासी जित्तन पटेल के इंडिगो कार में पीछे से जोरदार टक्कर मार कर ट्रक पलट गया। इसके अलावा भी गांव के अन्य दो लोगों को भी हल्की चोटें आईं। वे लोग मौके से नहीं भागते ट्रक की चपेट में आ जाते। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी संतनगर दयाशंकर ओझा ने निजी वाहन से घायलों को पीएचसी पटेहरा भेजा। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए चालक सुरेश पाल निवासी तुलसी थाना लालगंज को चौकी संतनगर भेज दिया।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।